कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 18.01.2024

//प्रेस विज्ञप्ति//

गर्ल्स कॉलेज में वार्षिक प्रतियोगितायें

दुल्हन सजाओ प्रतियोगिता में दिखा उत्साह

शासकीय डॉ.वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वार्षिक प्रतियोगिताओं के अंतर्गत दुल्हन सजाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई।

प्रभारी प्राध्यापक डॉ. रेशमा लाकेश ने जानकारी देते हुए बताया कि आज की प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने अपने हुनर का जबरदस्त प्रदर्शन किया। दुल्हन सजाओ प्रतियोगिता में महाराष्ट्र, बिहार, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल तथा अन्य प्रांतों की संस्कृति से ओत-प्रोत दुल्हन श्रृंगार की बेहतरीन प्रस्तुति दी। साथ ही गृहविज्ञान विभाग के द्वारा आयोजित वेल्यू एडेड कोर्स के सत्रावसान अवसर पर प्रतिभागी छात्राओं द्वारा अपनी कला का प्रदर्शन किया।

आज के कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता में तीन मुख्य पुरस्कार विजेता श्रीमती जूही व्यास थी।

दुल्हन सजाओ प्रतियोगिता में एम.एससी प्राणीशास्त्र की कु. प्रज्ञा वैष्णव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर कु. श्रुति आदित्य एवं तृतीय स्थान पर बी.ए. भाग-1 की कु. हिमांशी रही। कु. तोषी साहू को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

प्रतियोगिता के निर्णायकों में पूर्वी ओसवाल, खुशी सरूप एवं सोनिम श्रीवास्तव थी।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा महाविद्यालय के इन्क्यूबेशन सेंटर का शुभारम्भ किया गया। जिसमें ब्यूटी पार्लर की सभी सुविधायें उपलब्ध करायी गई है। कौशल विकास की दिशा में गृहविज्ञान विभाग द्वारा छात्राओं को इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने छात्राओं की सहभागिता की प्रशंसा की है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्रायें उपस्थित थीं।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)